*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## 'भारत में धर्म निरपेक्षता की जरूरत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता

**वर्धा - 26 सितम्बर, 2017 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग द्वारा गालिब सभागार में 02 अक्टूबर गांधी जयंतीसमारोह के श्रृखंला में 'भारत में धर्म




निरपेक्षता की जरूरत' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने हिस्सेदारी की। विद्यार्थियों ने अपने विचारों में कहा कि देश में विभिन्न धर्म, जाति, भाषा के लोग रहते हैं इसलिए हमारी संस्कृति में ही धर्म निरपेक्षता बसी हैं। धर्म निरपेक्षता भारत के लोकतंत्र की जड़ है आदि विचार व्यक्त किए।

निर्णायक के तौर पर प्रो. के. के. सिंह अधिष्ठाता, साहित्य विद्यापीठ एवं प्रो. शंभू गुप्त, स्त्री अध्ययन विभाग उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता का विषय-परिचय एवं संचालन गांधी एवं शांति अध्ययन




विभाग के अध्यक्ष प्रो. नृपेन्द्र प्रसाद मोदी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राकेश मिश्रा द्वारा किया गया।